## एक नजर

### मारपीट कर युवक को किया घायल

**तिलहर।** थाना अंतर्गत मोहल्ला निजामगंज निवासी मोनू कुशवाहा ने बताया कि वह शनिवार की शाम लगभग 7:30 बजे अपने ठेले के कुछ काम से जा रहा था। मनोज हॉस्पिटल के पास बाबुद्दीन, फैजान, शोएब निवासी मौजमपुर वहां पर खड़े थे, उन लोगों ने बिना किसी बात से मुझसे रोक लिया और मेरे साथ गली गलौज करने लगे, विरोध करने पर मार पीट करने, जिससे वह घायल हो गया। जब आस पास के लोग इकट्ठा हो गए, तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है, मामले की जांच चल रही है।

### ई-रिक्शा खड़ा करने का विरोध करने पर मारपीट

**रौसरकोठी।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव के रहने वाले इकबाल ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इकबाल ने बताया कि वह लोकपुरवा, थाना मझिला, जनपद हरदोई का रहने वाला है। मिश्रीपुर में उसने एक प्लाट खरीदा था। इस प्लाट को बनवाने परिवार समेत आया हुआ था। प्लाट के सामने एक व्यक्ति ई-रिक्शा लेकर आया और सामने खड़ा कर दिया। इकबाल ने रिक्शा हटाने को कहा तो वह अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ तलवार और लाठी डंडे लेकर आ गया और परिवार को बेरहमी से पीटा। मारपीट में वासिद, इकबाल, सलमान, हसीना पत्नी वासिद, साकिर, आसमा पत्नी साकिर निवासी मिश्रीपुर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का इलाज जिला अस्पताल में कराया है। घटना में वासिद गंभीर रूप से घायल हो गया।

### फोटो खिंचवाने के विवाद में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर।** रविवार को फरीदपुर मोहल्ला मठिया निवासी सनी यादव कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गांव पुरायूं में शनिवार रात गांव शहपुरा विनियान, थाना फतेहगंज पूर्वी से बरात आई थी। जहां फोटो खिंचवाने को लेकर उक्त गांव के राहुल, अरुण, आकाश, विशाल, सुमित एवं अमन गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात घुसों-बेल्टों और लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने कैमरामैन आशीष को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इस दौरान बारात में आए बारातियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, जांच पड़ताल की जा रही है।

# कर्मियों ने कुर्बानी में जानवरों के अवशेष उठाने से किया मना

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** सफाई कर्मियों ने ईद-उल-अजहा पर होने वाली कुर्बानी में बड़े जानवरों अवशेषों को उठाने से मना कर दिया है, चेतावनी दी है कि यदि अवशेष उठवाए गए तो हड़ताल पर चले जाएंगे।

उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ ने डीएम को भेजे गए पत्र में बताया कि ईद-उल-अजहा पर होने वाली कुर्बानी में बड़े जानवरों की कुर्बानी की जाती है, जिसके अवशेषों को नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के कर्मचारियों से उठवाया जाता है, जो कि अनैतिक है। नगर निगम शाहजहांपुर, नगर पालिका परिषद तिलहर, जलालाबाद, नगर पंचायत कटरा, खुदागंज, अल्हागंज, कलान, निगोही, बंडा, खुटार में हिंदू कर्मचारी ईद पर कुर्बानी हुए बड़े जानवरों के अवशेष नहीं उठाएंगे। जो समुदाय इसका इस्तेमाल करता है वही उसे उठाएगा, अगर हिंदुओं से बड़े जानवरों का अवशेष उठाया गया तो पूरे जनपद में हिंदू सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में संगठन के प्रदीप कुमार वाल्मीकि, कुमार गोविंदा, अमित कुमार आदिरहे।

### बुजुर्ग कुछ बता नहीं पा रहा था, नाम पता जानने को फोटो किया सोशल मीडिया पर वायरल

# पुलिस कर्मियों ने बुजुर्ग को नहलवाया, नए कपड़े पहनवाए

**मानवता की मिसाल**

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



बुजुर्ग के साथ डायल 112 के सिपाही। ● अमृत विचार

- **होटल से र ठंडे पानी की बोतल और खाना गवाकर बुजुर्ग को खिलवाया**

**अमृत विचार:** पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है। कांट रोड पर एक बुजुर्ग सड़क के किनारे पड़ा था। लोग उसे देखकर निकल जाते थे। सूचना पर डायल 112 के दो सिपाही पहुंच गए। दोनों सिपाही बुजुर्ग को लेकर फैक्ट्री के सामने ले गए। दोनों सिपाहियों ने उसे नहलाया और नए कपड़े पहनवाए। उसे कांट थाना पर ले गए।

रविवार की सुबह कांट रोड पर कृभको फैक्ट्री से कुछ दूरी पर एक बुजुर्ग गंदे कपड़े पहने सड़क के किनारे पड़ा था। उसकी उम्र करीब 70 साल थी। किसी ने डायल 112 को सूचना कर दी। कांट थाना के सिपाही प्रदीप कुमार और राजीव सिंह मौके पर आ गए और लोगों से जानकारी की। बुजुर्ग व्यक्ति कुछ भी सही नहीं बता पा रहा था। सिपाहियों ने लोगों से मदद मांगी, लेकिन कोई आगे नहीं बढ़ा और लोग खिसकने लगे। दोनों सिपाहियों बुजुर्ग को पकड़ा और फैंक्ट्री के सामने पानी की टंकी पर लेकर आए। सिपाहियों ने उसके कपड़े उतारे और नल के नीचे नहलवाया। दोनों सिपाही ने कुछ दूरी पर एक कपड़े की दुकान से कुर्ता और पैजामा खरीदा। दोनों सिपाहियों ने बुजुर्ग को नए कपड़े पहनवाए। सिपाहियों ने होटल से खाना मंगवाकर उसे खाना खिलवाने के साथ शीतल पेयजल पिलाया। सिपाहियों ने उससे नाम व पता पूछा तो कुछ बता नहीं रहा था और इधर-उधर की बातें बता रहा था। सिपाहियों ने उसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सिपाही उसे कांट थाना पर ले गए। लोगों ने दोनों सिपाहियों की सराहना की।

# 424.22 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

### वित्त मंत्री ने 24 परियोजनाओं का किया शिलान्यास, 45 हजार घरों को पेयजल कनेक्शन मिलेंगे

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से शहीद द्वार पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नगर निगम क्षेत्र के लिए कुल 424 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 24 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जिनमें 185 करोड़ से पेयजल योजना का पुनर्गठन होगा, 27.10 करोड़ की लागत से कामर्शियल कांप्लेक्स बनाया जाएगा। इसके अलावा 7.56 करोड़ से हॉटमिक्स सड़क का निर्माण सहित महानगर में कुल 424.22 करोड़ के विकास कार्य होंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने 'टीम विश्वकर्मा' मोबाइल एप का लोकार्पण भी किया।

उन्होंने कहा कि ये सभी विकास कार्य जन-सहयोग एवं सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं। दुकानदारों व व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वह यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सार्वजनिक सड़कों पर अपना सामान न रखें। बताया कि प्रदेश में अब तक 204 करोड़ से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति में सुधार हो रहा है। सभी नागरिकों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक क्षेत्र में पौधारोपण करें ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और जीवन सुरक्षित हो। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में प्रतिभाग करते लोग। ● अमृत विचार



मंचासीन वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा व अन्य।

- **जिले में खेलों के विकास के लिए 28.31 करोड़ से बनेगा स्पोटर्स काम्पलेक्स**
- **जिले की जनता से किया आग्रह अधिक से अधिक क्षेत्र में करें पौधरोपण**

### 185 करोड़ से पेयजल योजना का होगा पुनर्गठन

अमृत 2.0 योजना के तहत 185 करोड़ की लागत से पुनर्गठन पेयजल योजना का कार्य होगा। जिसके तहत 21 नलकूप, छह ओवरहेड टैंक, 333 किमी पाइप लाइन और 45000 घरों को पेयजल कनेक्शन दिए जाएंगे। इस परियोजना से नगर निगम का विस्तारित एवं पुराने शहर की पेयजल समस्या का पूर्ण रूप से समाधान हो सकेगा। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत 34.90 करोड़ लागत से ककरा में कनेक्शन सेंटर स्थापित किया जाएगा। जिसमें 1500 व्यक्तियों की क्षमता होगी। जिसमें 08 सुसज्जित कक्ष, एक सभागार, चार सामान्य कक्ष, लिफ्ट के साथ दो मंजिल भवन का निर्माण होगा व पर्याप्त हरित क्षेत्र एवं पार्किंग स्थल भी विकसित होगा, जिसमें नगर के लोगों को बहुउद्देषीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी। जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किए जाने के लिए 28.31 करोड़ लागत से स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निर्माण कराया जाएगा। इसमें बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, बॉलीबाल, बास्केटबाल, जिमनेजियम, योगा एवं जूडो आदि की सुविधा होगी।

### 27.10 करोड़ से बनेगा कामर्शियल कांप्लेक्स

राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत 27.10 करोड़ लागत से कामर्शियल कांप्लेक्स, 22.39 करोड़ से ककरां में अर्बन हॉट एंड प्लाजा शाहजहॉपुर में ककरा कांकर कुंड में निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय के निकट अर्बन हॉट एंड प्लाजा का निर्माण कराया जाएगा। 22.20 करोड़ लागत से केरूगंज चौराहा पाकड़ चौकी से गोशाला होते हुए एनएच 30 बरेली हाइवे तक स्मार्ट रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत 20.37 करोड़ की लागत से शहीद द्वार में प्लेनेटोरियम का निर्माण। अमृत 2.0 योजनान्तर्गत लोधीपुर में 20.18 करोड़ लागत से 24.7 जलापूर्ति का कार्य। मुख्यमंत्री वैष्विक नगरोदय योजना अन्तर्गत रू0 13.37 करोड़ लागत से शहीद द्वार में मैकनाईज्ड कार पार्किंग का निर्माण। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत 9.35 करोड़ लागत से पक्का पुल से नए पुल तक पक्की दीवार व पथ विकास के साथ हनुमतधाम के चारों ओर सौन्दर्यीकरण का कार्य।

### 7.56 करोड़ से बनेगी हॉटमिक्स सड़क

7.56 करोड़ लागत से नगर निगम शाहजहांपुर में वार्ड छह मोहल्ला अजीजगंज में श्मशानघाट से जिला चिकित्सालय के पीछे होते हुए एनएच तक हाटमिक्स सड़क निर्माण कार्य। 7.31 करोड़ लागत से रोजा में जोनल कार्यालय निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा 7.03 करोड़ लागत से 34 स्थलों पर विकास कार्य कराए जाएंगे। 4.70 करोड़ लागत से चिनौर में कल्याण मंडप निर्माण, 4.62 करोड़ की लागत से गांधी भवन का सौन्दर्यीकरण, 2.34 करोड़ की लागत से नगर निगम में व्यस्ततम मार्गो पर स्टील रेलिंग लगाया जाना, 2.06 करोड़ की लागत से ककरा कांकर कुंड में सामुदायिक केंद्र का निर्माण, 2.05 करोड़ की लागत से हरित शवदाह गृह की स्थापना, 1.98 करोड़ की लागत से मियॉवाकी पार्क एवं उपवन विकास कार्य, 1.93 करोड़ की लागत से हॉकी क्लब के निकट सीनियर केयर सेंटर का निर्माण कराने सहित कुल 424.22 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल है।

## सार-संक्षेप

### सपा शिक्षक सभा की बैठक में चुनावों पर चर्चा



**सिंधौली, अमृत विचार :** समाजवादी शिक्षक सभा की बैठक जिलाध्यक्ष विनोद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला प्रभारी अशोक यादव ने पंचायत, ब्लॉक प्रमुख, एमएलसी एवं 2027 के विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लगकर पंचायत चुनाव एवं एमएलसी चुनाव की तैयारी करें, ईमानदार एवं निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ताओं को ही पंचायत चुनाव में समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ स्तर को मजबूत करने के लिए कमेटियों का भी गठन किया जा रहा है। इस मौके पर विनोद शर्मा, राजीव मिश्रा, सत्यपाल सिंह यादव, वीरपाल सिंह यादव आदि रहे।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर कराया भंडारा



**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू महासंघ जिला की ओर से हनुमत धाम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के उपलक्ष में भंडारा का आयोजन किया गया। मंडल प्रभारी बरेली संजय गुप्ता, जिलाध्यक्ष राजन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष में विश्व हिंदू महासंघ द्वारा स्वाभिमान सप्ताह का आयोजन किया गया। जोकि 5 से 11 जून तक विभिन्न प्रकार के भंडारे एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में हनुमत धाम में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सुनील कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र सक्सेना, आलोक कुमार, बलराम सिंह, विक्रम कुशवाहा, पवन कुमार, राजाराम, अजय सिंह, आयुष श्रीवास्तव, भानू प्रताप, दाता राम, शेर बहादुर, जयराम, रोहित, विकास, मनोज कुमार, अशोक कुमार, आशीष, राकेश कुमार, योगेश, मधुबाला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बरेली के नवाबगंज में 12 जून को होने वाले आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता के लिए पार्टी पदाधिकारियों की रविवार को बैठक हुई। इस दौरान जिला प्रभारी मो. दानिश खान एडवोकेट, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार यादव, जिला महासचिव जेबीसिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संतराम सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष अनुराग रस्तोगी, गजेंद्र शर्मा, अखिलेश वर्मा, जोगेंद्र प्रजापति, सदाकत अली, सुभाष सिंह, अरब सिंह, संतोष यादव, हरिपाल सिंह आदि साथी मौजूद रहे।

### राहगीरों को शरबत पिलाया, भेंट किया पौधा



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत देने व पर्यावरण संरक्षण उद्देश्य से एक सराहनीय पहल के अंतर्गत राहगीरों को शीतल शरबत, बिस्कुट और फलदार पौधे वितरित किए गए। समाजसेवियों ने यह संदेश भी दिया कि जिस प्रकार एक गिलास शरबत गर्मी से तात्कालिक राहत देता है, उसी प्रकार एक पौधा लंबे समय तक छाया और जीवनदायिनी वायु प्रदान करता है। मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने सभी समाजसेवियों से अपील की कि ऐसे आयोजनों के अंत में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और समाज को सकारात्मक संदेश दें। समाजसेवियों ने आयोजन स्थल पर स्वयं झाड़ू से सफाई भी की। एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने कहा कि ऐसी भीषण गर्मी में जहां लोग घरों से निकलना भी नहीं चाहते हैं, वहीं सामाजिक लोगों ने राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से शरबत वितरण कर अच्छा संदेश दिया। इसमें पौधारोपण के लिए पौधा वितरण काफी सराहनीय है। इस दौरान एडीएम, यातायात प्रभारी विनय कुमार, पूर्व बार एसोसिएशन महासचिव एडवोकेट अतीत त्रिवेदी, अनूप त्रिवेदी आदि ने राहगीरों को हाथों शरबत पिलाया व पौधे भेंट किया। शरबत वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी नेहा यादव, अमित श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला, अक्ष सक्सेना, विक्रांत बखिया, अनुराधा पांडेय, दिव्यांशी मिश्र, अभिषेक, शुभम सागर, अधिराज, शगुन सक्सेना, एवं अंकित का विशेष सहयोग रहा।




# डीएम ने देखा भैंसी नदी का हाल, गोमती भी सूखी



पुल से सूखी नदी का निरीक्षण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**संवाददाता, पुवायां**

**अमृत विचार :** भैंसी नदी के पुनर्जीवन के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएम ने पुवायां पहुंचकर गोमती से भैंसी का संगम समेत भैंसी नदी की राह का निरीक्षण किया और जल्द ही नदी के पुनर्जीवन के रास्ते में आने वाली तकलीफों को दूर करने का आश्वासन दिया। रविवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुवायां के पन्नघाट गोमती स्थल पर पहुंचकर नदी का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने पन्नघाट के पास स्थित भैंसी, गोमती संगम स्थल को देखा, जहां पानी की निशानी भी नहीं मिली। उन्होंने नदी की भूमि पर कब्जों के बारे में भी जानकारी ली। इसके अलावा भैंसी के मीरपुर घाट व खुटार रोड स्थित भैंसी पुल पर जाकर भी नदी की भूमि का निरीक्षण किया। इस बीच पन्नघाट पर विहिप के राजीव सिंह व तमाम लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में एक नदी के पुनर्जीवन का बीड़ा उठाया है, जिसके लिए शाहजहांपुर में भैंसी नदी को चुना गया है। तीन माह के भीतर इसकी कब्जा भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया जाएगा।

इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर चेक डैम भी बनवाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने मैनिया व दलेलापुर जाकर भी नदी स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम चित्रा निर्वाल, राजीव सिंह विहिप, के के गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्र रहे।

**समय समय पर चलाया जाता है अभियान:** गोमती बचाओ, और भैंसी के पुनर्जीवन को लेकर संस्था लोकभारती के माध्यम से पिछले कई वर्षों से प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि अब तक सफलता कोसों दूर रही हैं।

### बंडा के गांव गहलुइया में भी डीएम ने भैंसी नदी का किया निरीक्षण

**संवाददाता, बंडा, अमृत विचार :** भैंसी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जिलाधिकारी ने घाटों का निरीक्षण किया, जहां उनके साथ एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। दरअसल लोकभारती संस्थान कोरोना काल से पहले से ही भैंसी नदी को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुटा था। पूर्व में नदी को शारदा नहर से जोड़कर काफी दूरी तक पानी पहुंचाया गया था लेकिन कोरोना काल के आते ही सब कुछ बंद करना पड़ गया। पिछले कुछ माह से संस्थान ने कई अन्य संगठनों के साथ मिलकर भैंसी नदी के पुनरुत्थान द्वितीय चरण को लेकर कार्यक्रम कर रहा था। लोकभारती संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर विजय पाठक, प्रान्त उपाध्यक्ष राजीव सिंह, नीरज सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिले थे। डीएम ने रविवार को ब्लॉक बंडा के गांव गहलुइया पहुंचकर भैंसी नदी को गहलुइया से निकली शारदा नहर से जोड़ने के निर्देश दिए। एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल, तहसीलदार पुवायां राघवेशमणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, बीडीओ बंडा सर्वेश कुमार, राष्ट्रीय गौरक्ष संघ के तहसील उपाध्यक्ष सृजल शुक्ला, सुधीर सिंह बजरंगदल, देवेश गंगवार, राजदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम की गाड़ी से वाहन की टक्कर

**संवाददाता, पुवायां**



टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त वाहन पुलिस के कब्जे में। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** न्यायिक एसडीएम को लेने जा रही उनकी गाड़ी की एक अन्य वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। जिसके बाद गाड़ी उछलकर खेत में जा गिरी। हालांकि इस दौरान किसी को चोटें नहीं आईं।

तिलहर तहसील में तैनात महेश कुमार कैथल न्यायिक एसडीएम के पद पर हैं, जिनको खुटार बीडीओ का भी चार्ज दिया गया है। रविवार सुबह डीएम के आने की जानकारी पर उनकी गाड़ी शाहजहांपुर से पुवायां होकर खुटार जा रही थी। पुवायां में ओवरब्रिज पर काम चलने के कारण चालक ऊपर से नीचे उतरकर सर्विस रोड पर हिट हुए निकल रहा था। जैसे ही उसकी गाड़ी मोहम्मदी रोड स्थित फ्लाईओवर के पास पहुंची, तभी मोहम्मदी रोड से आ रही एक दूसरी कार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बोलेरो उछलकर खेत में जा घुसी। हालांकि इस बीच किसी को भी चोटें नहीं आईं। घटना के बाद मोहम्मदी के गांव लखहा निवासी लखबीर सिंह पुत्र रवेल सिंह ने तहरीर देकर दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। वहीं एसडीएम के चालक शाहजहांपुर निवासी रेहान ने भी शिकायत करने की बात कही है। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# पेड़ है सुरक्षित जीवन की नींव: खन्ना

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



पौधा लगाकर पानी देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महानगर में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सिंचाई डाक बंगला, कैंटोमेंट डाक बंगला और शहीद म्यूजियम में पौधरोपण किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण प्रकृति और मानवता की सेवा है। पेड़ ऑक्सीजन देते हैं और वायुमंडल को शुद्ध करते हैं। वे प्राकृतिक सौंदर्य को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाकर हम भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जीवन की नींव रखते हैं। खन्ना ने लोगों से प्लास्टिक के प्रयोग को समाप्त करने की अपील की। वनों की कटाई से मनुष्यों और जीव-जंतुओं का अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने वृक्षारोपण को नैतिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी बताया। मंत्री ने उम्मीद जताई कि एक पेड़ मां के नाम अभियान जनमानस को प्रेरित करेगा। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम साबित होगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बवासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# गर्मी में बिजली गुल, जनता परेशान

## रात में भी ट्रिपिंग ने किया परेशान, सुबह भी बिजली करती रही आंख मिचौली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

• गर्मी का बढ़ रहा प्रकोप, तेज धूप भी कर रही परेशान

**अमृत विचार :** जून माह की गर्मी और तपती दोपहरी में लोग परेशान हो रहे हैं, अन्य दिनों की अपेक्षा रविवार को तापमान ज्यादा रहा, जो 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। वहीं गर्मी से राहत का सहारा बिजली भी धोखा दे रही थी। बिजली की आंख मिचौली शनिवार रात से ही शुरू हो गई थी, जो रविवार सुबह भी जारी रही।

शनिवार को तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था, जो कि शुक्रवार की अपेक्षा 3.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ा हुआ था। शनिवार की अपेक्षा रविवार को और भी तापमान बढ़ा हुआ था, जो 40 के पार पहुंच गया। वातावरण में सुबह से ही उमस बनी हुई थी। इसी दौरान बिजली ने भी आंख मिचौली शुरू कर दी। महानगर के मोहल्ला एमनजई जलालनगर में सुबह करीब छह बजे अचानक बिजली गुल हो गई, चूंकि वातावरण में उमस बनी हुई थी, इसलिए लोग बिजली जाने के बाद परेशान हो उठे। जिन लोगों के घरों में इंवर्टर थे, वह एक -दो पंखा चलाकर राहत पाते रहे लेकिन जिन घरों में इंवर्टर नहीं थे, उन्हें सबसे अधिक परेशानी से जूझना पड़ा। बिजली कटौती की वजह से करीब पांच हजार उपभोक्ता परेशान रहे। करीब 8:30 बजे बिजली सप्लाई चालू हुई तब लोगों ने राहत की सांस ली, इसी मोहल्ले में बिजली शनिवार रात को भी 10:30 बजे बिजली गुल हो गई थी, आधा घंटे बाद 11 बजे सप्लाई चालू हुई, वहीं चौक क्षेत्र के मोहल्ला बक्सरिया में भी शनिवार रात करीब आठ बजे बिजली गुल हो गई, यहां करीब चार हजार उपभोक्ता डेढ़ घंटे बिजली कटौती की वजह से गर्मी में परेशान रहे। रविवार सुबह उमस भरी गर्मी में सात बजे आधा घंटे के लिए बिजली गुल हुई तो लोग परेशान हो उठे। रविवार को जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, धूप में तेजी के साथ ही तापमान बढ़ता चला गया और लोग गर्मी में परेशान होने लगे, राहत पाने के लिए उपभोक्ताओं ने पंखा के साथ एसी चलाने शुरू किए तो बिजली की खपत बढ़ गई, इससे पूरा दिन बिजली की ट्रिपिंग भी होती रही। एक घंटे में पांच से छह बार बिजली की ट्रपिंग होती रही। करीब पांच मिनट तो कभी दस मिनट के लिए बिजली गुल होती रही। बिजली की इस आंख मिचौली की वजह से तारीन बहादुरगंज, सदर बाजार, खिरनीबाग, कटिया टोला, बक्सरिया, चारखंभा, चौक, एमनजई जलालनगर, घंटाघर, अंटा आदि मोहल्ले के उपभोक्ता परेशान होते रहे। रविवार को तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जिससे गर्मी बढ़ी हुई थी, हालांकि लोग जगह-जगह शबरत वितरण भी कर रहे हैं, ताकि लोगों प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। उत्तर से बहने वाली हवा का दबाव 40 प्रतिशत बना हुआ था।

### टूटा खंभा नहीं कराया गया दुरूस्त, बाधित हो रही बिजली


टूटने के बाद तारो के बल पर रुका खंभा।

कलान में स्थित उपकेंद्र के गरेली फीडर 3 की हाईटेंशन लाइन से देवहड़ा, खजूरी, धर्मपुर, गणेशपुर आदि गांवों को बिजली जाती है। करीब पांच दिन पहले तेज हवा के झोंके साथ देबहड़ागांव के पास खंभा नीचे टूट गया, जो कि बिजली के तारों से टिका हुआ है, खंभा टूट जाने से जिससे बिजली सप्लाई बाधित हो गई। गांव के लोगों ने इस संबंध में विद्युत उपकेंद्र कलान को जानकारी देते हुए टूटे खंभा को सही कराए जाने की मांग की लेकिन अभी तक खंभा दुरूस्त नहीं किया जा सका, दसिया होकर निकली लाइन से बिजली सप्लाई दी जा रही है लेकिन लोड अधिक पड़ने की वजह से बिजली सप्लाई सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है। हाई टेंशन लाइन के टूटे हुए खंभे को लगवाने की मांग गांव के अर्जुन सिंह, केशव बाबा, विकास कुमार, सुधाकर सिंह आदि ने की है।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

संवाददाता, मिर्जापुर


मृतक बुधपाल

**अमृत विचार:** गभग 15 वर्षों से दिल्ली में रहकर मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करने वाले क्षेत्र के गांव शेरपुर कुर्रिया निवासी 60 वर्षीय बुधपाल सिंह की निर्माणाधीन बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरकर मृत्यु हो गई। मृतक का शव मृतक का शव ग्राम शेरपुर कुर्रिया आने पर गांव व परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

मिर्जापुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत शेरपुर कुर्रिया निवासी मृतक बुधपाल सिंह की पत्नी छोटी बिटिया ने बताया कि उसके पति गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली से गांव आए थे।

पांच जून को उसे सूचना मिली कि उसके पति की निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी करते समय तीसरी मंजिल से गिर कर मृत्यु हो गई। सूचना पर वह परिवार के लोगों के साथ दिल्ली गई, पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव उसे सौंपा। शव गांव आने पर पत्नी बेटी और पुत्रों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी का कहना है कि अब परिवार का गुजारा कैसे होगा।

## शिशु गृह में बच्चों की पिटाई का वीडियो वायरल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राजकीय बाल शिशु गृह में बच्चों के साथ पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में केयर टेकर बच्चों की पिटाई कर रही है,। सीडीओ ने मामले की स्वयं जांच करने की बात कही है।

बरेली मोड़ के पास स्थित बाल शिशु गृह में करीब 13 छोटे बच्चों के साथ अनाथ बच्चे रहते है। रविवार को तीन वीडियो वायरल हुए है। इनमें केयर टेकर मासूम बच्चों की पिटाई करके कान खींच रही है। जिला पंचायत सदस्य मुकेश दीक्षित ने बताया कि 31 दिसंबर को शिकायत की थी। लेकिन स्पष्टीकरण लेकर केयर टेकर को हटाया नही गया था। केयर टेकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

## दहेज के लिए बहू को निकाला रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कांट थाना क्षेत्र के गांव पड़ैचा निवासी सुतरी देवी ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले सचिन कुमार निवासी सिरोमननगर थाना बेहटा गोकुल जिला हरदोई के साथ हुई थी।

शादी के कुछ माह ससुराल वाले बाइक और दो लाख रुपये की मांग करने लगे। पीड़िता ने दहेज लाने से मना कर दिया। आरोप है कि तभी से प्रताड़ना और आए दिन मारा पीटा करते थे। आरोप है कि 04 जून को ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घर पर जानकारी दी। भाई मानवेंद्र उसकी ससुराल गया। ससुराल वालों ने भाई को गालियां देते हुए मारपीटा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सीवर लाइन का कार्य घटिया, चैंबर हो रहे ओवरफ्लो

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


सीवर लाइन डालने में की गई अनियमितताओं को लेकर बैठक करते पार्षद।

• कहीं-कहीं गलियों की मरम्मत ठीक से नहीं की गई
• कहा - अधिकारियों की मनमानी नहीं होगी बर्दाश्त

**अमृत विचारः** पार्षदों की बैठक में सीवर लाइन डालने में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाया।

पार्षदों ने कहा कि महानगर में सीवर लाइन का कार्य घटिया किस्म का किया गया है। कहीं चेंबर ओवरफ्लों हैं तो कहीं बाथरूम के कनेक्शन सीवर लाइन से नहीं जोड़े गए हैं। कहीं-कहीं खोदी गई सड़कों की मरम्मत ठीक से नहीं की गई है। जिसके चलते जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तीन फीट चौड़ी गलियों को सीवर लाइन कार्य के बाद फिर से बनाया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अधिकारी मनमानी पर उतारू हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर निगम उपसभापति वेद प्रकाश मौर्य के आवास पर रविवार को आयोजित बैठक में पार्षदों ने सीवर लाइन संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। पार्षदों ने बताया कि सीवर लाइन का कार्य मानक के अनुसार नहीं हुआ है, जिससे समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उपसभापति वेद प्रकाश मौर्य जी ने कहा कि सीवर लाइन का कार्य घटिया तरीके से हुआ है, जिससे मरम्मत कार्य ठीक से नहीं हो पा रहा और चेंबर ओवरफ्लो हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत घरों में बाथरूम के पाइप नहीं जोड़े गए हैं, जिससे सीवर लाइन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवर लाइन के कार्य को बेहतर बनाने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा, अधिकारियों की मनमानी बिल्कुल नहीं चलने दी जाएगी।

अधिकारी अपने हिसाब से काम करेंगे, तो इसे हम लोग भी दूसरे हिसाब से निपटने को तैयार हैं। पार्षद लाल पुजारी ने कहा कि सीवर लाइन के कार्य में अनियमितताएं बरती गई हैं, जिससे इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। सीवर लाइन की समस्या से लोगों को परेशानी हो रही है। सीवर लाइन में ठोस पदार्थों को निकालने की व्यवस्था नहीं है, जिससे बार-बार जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। सीवर लाइन की ढलान भी सही नहीं है, जिससे पानी की निकासी ठीक से नहीं हो पा रही है। इस समस्या का समाधान करने के लिए अधिकारियों को तुरंत कदम उठाने चाहिए। सीवर लाइन के कार्य में सुधार करने की आवश्यकता है। अधिकारियों ने मनमानी करते हुए काम कराया है। जनप्रतिनिधियों ने कहीं कोई कार्य बताया है, उस पर कभी ध्यान नहीं दिया है।

### सीवर लाइन के कार्य में हुई अनियमितता

पार्षद रामबरन सिंह ने कहा कि सीवर लाइन की गुणवत्ता बहुत खराब है, जिससे समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सीवर लाइन के कार्य में अनियमितताएं बरती गई हैं। आकांक्षा स्कूल वाली गली 3 :30 फीट चौड़ी है, उसमें सीवर लाइन पड़ने के बाद कई बार मरम्मत के लिए कहा गया, लेकिन मरम्मत कार्य बेहतर तरीके से नहीं हो पा रहा है क्योंकि गली की चौड़ाई कम है। नियमावली में भी दर्ज है कि जो 3 :30 फीट की गलियां हैं उनको फिर से बनाया जाए, लेकिन यहां के जो अधिकारी लोग हैं कि ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी तरीके से बृज विहार मंदिर वाली सड़क बिल्कुल बेकार हो गई है। यहां लगभग 8 इंच मलवा निकला था और मरम्मत कार्य केवल 3 इंच में कर दिया। जो मलवा डाला गया है, वह कितने दिन तक रुकेगा, इस बात की लोगों को चिंता नहीं है। इस समस्या का समाधान करने के लिए अधिकारियों को तुरंत कदम उठाने चाहिए। सीवर लाइन की समस्या से लोगों को परेशानी हो रही है। इस दौरान पार्षद विपिन यादव, पार्षद सीमा सारस्वत सहित 10 से ज्यादा पार्षदों ने भाग लिया। सीवर लाइन की समस्या को लेकर पहले भी बैठकें हो चुकी हैं। उनमें भी तमाम वार्डों के पार्षदों ने सीवर की समस्या बताई थी।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने अकर्रा रसूलपुर में लगाया फ्री हड्डी रोग शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के द्वारा संचालित अर्बन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर अकर्रा रसूलपुर में निशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया।

कैंप में मरीजों की निशुल्क बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की गई। सभी मरीजों को परामर्श व दवाइयां निशुल्क दी गई और जांचों एवं सिटी स्कैन तथा एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ ने बताया कि प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को निशुल्क हड्डी रोग का शिविर लगता रहेगा, जिससे क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगो को निशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलती रहेगी।


शिविर में चेकअप कराने पहुंचे मरीज। • अमृत विचार

• कैंप में मरीजों की निः शुल्क बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की गई, दवाइयां भी दी गई
• जांचों एवं सिटी स्कैन तथा एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए

उन्होंने बताया कि गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, पैरों की कमजोरी, पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन का दर्द, रीढ़ का दर्द, जन्म से टेड़े-मेड़े हाथों पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद आने का सफल इलाज, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण सभी प्रकार की टूटी हुई हड्डी का प्लास्टर एवं ऑपरेशन द्वारा सफल इलाज ऑपरेशन तथा आईसीयू की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है जिसका शुल्क 200 है, यह कार्ड 1 वर्ष के लिए मान्य है।



शिविर में पहुंची महिलाएं। • अमृत विचार

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज किया जाता है। शिविर में स्पाइन व जोड़ प्रत्यारोपण टीम में डॉ. मो. आदिल, डॉ. ऋषभ राज, डॉ. उत्कर्ष के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अतुल गंगवार मौजूद रहे।

### ददरौल के गोबरसंडा गांव में भी लगाया स्वास्थ्य शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

• शिविर में 227 मरीजों ने कराया पंजीकरण, 8 लोग में मिला मोतियाबिंद
• मरीजों को फ्री आई ड्रॉप और दवाएं दीं, मोतियाबिंद का निशुल्क आपरेशन होगा

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा द्वारा रविवार को ददरौल क्षेत्र के ग्राम गोबरसंडा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनिल प्रजापति जिला पंचायत सदस्य का विशेष सहयोग रहा। शिविर में 227 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 8 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका ऑपरेशन रोहिलखण्ड अस्पताल में निशुल्क किया जायेगा।

शिविर में सभी मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गई। इस मौके पर चिकित्सकों द्वारा लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया गया। अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया जैसे कि काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि तथा फेको विधि द्वारा, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर द्वारा चश्मा के नंबर व प्रमाणीकरण व जांच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा उपलब्ध है। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. स्वप्निल, सामान्य रोग के डॉ.मानस, दंत रोग विभाग के डॉ. प्रिया मिश्रा, नेत्र टेक्नीशियन पैरामेडिकल स्टाफ एवं एम एस डब्ल्यू जितेन्द्र गंगवार मौजूद रहे।

## सात वारंटी गिरफ्तार

**रोजा।** प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि अभियुक्त मदनपाल, बब्लू पैतापुर थाना रोजा, बालकराम निवासी अजीजपुर थाना रोजा, पप्पू निवासी निवाजपुर थाना रोजा, राजीव निवासी शाहगंज थाना रोजा, विशनू निवासी हथौड़िया थाना रोजा, रामपाल निवासी हथौड़ा बुजुर्ग थाना रोजा के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक राजेश कुमार, शंभू दयाल, नागेंद्र कुमार, गोविंद सिंह, सत्येंद्र पाल सिंह आदि थे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# जमीन कब्जा और विवाद की आई समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शिविर में समस्या सुनते युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी। • अमृत विचार

• जिला कांग्रेस की ओर से लगाया गया निशुल्क विधिक सहायता शिविर

**अमृत विचारः** युवा कांग्रेस शाहजहांपुर ने कांग्रेस कार्यालय में निशुल्क विधिक सहायता शिविर लगाया गया। शिविर में जमीन पर कब्जा, श्रम और पारिवारिक विवाद की समस्याएं सबसे ज्यादा आईं। अधिवक्ताओं ने समस्याएं सुनकर सलाह दी।

जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी एडवोकेट, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि, गायत्री प्रकाश अवस्थी एडवोकेट व विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रमोद पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह शिविर आम जनता की कानूनी समस्याओं को निशुल्क समाधान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला युवा अध्यक्ष ने बताया कि इस शिविर में विधिक विशेषज्ञों की टीम आम लोगों की कानूनी उलझनों को सुनकर उनके समाधान के लिए निशुल्क सलाह और सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज के हर वर्ग को न्याय तक पहुंचाने के लिए उठाया गया कदम है। शिविर में प्रमुख रूप से हाई कोर्ट अधिवक्ता आकाश पांडेय, आलोक शर्मा, निहाल खान, प्रशांत शंखधार, अरुण दीक्षित, मनमोहन मिश्रा, दीपक वर्मा आदि अधिवक्ताओं ने समस्याओं को सुनकर उनको हल कराया। आज समस्याओं में प्रमुख रूप से जमीन कब्जा, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद आदि से संबंधित समस्याओं का मौके पर सुनकर उनको विधिक सहायता दी गई। साथ ही अभिभावकों व अन्य प्रशासनिक समस्याओं को भी मौके पर सुनवाई कर हल कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम प्रकाश दीक्षित, अनिल श्रीवास्तव, सुशील प्रकाश शर्मा, संजय सक्सेना आदि रहे।

